


## सबसे अच्छा शहर

❑ शिरीष कुमार मौर्य

बच्चों गाय पर निबन्ध लिखना
तो दूध का जिक्र करना
डाकिए पर निबन्ध लिखना
तो चिट्ठी का जिक्र करना
गांव पर निबन्ध लिखना
तो खुद का जिक्र करना मत भूलना
लेकिन
कभी लिखना पड़े
मुल्क के सबसे अच्छे शहर के बारे में
कोई निबन्ध
तो पन्ना खाली छोड़ देना
क्योंकि वो
अभी बसा ही नहीं है कहीं

## छुट्टी

❑ सदाशिव क्षोत्रिय

बत्तखें ही
बत्तखें ही
बत्तखें ही बत्तखें
बगुले ही
बगुले ही
बगुले ही बगुले
सफेद यूनिफार्म वाले कम उम्र बच्चे
स्कूल से छूट
खुले परों की तरह
सड़क पर फैल गये । ◆

